## सोमवार को मार्निंग स्टार स्कूल के पास लगेका निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें। निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 1,10,000/- व जलकर 6,000/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,40,000/- व जलकर 55,775/-, अम्बे माता जवाहर नगर शिविर में संपत्तिकर 2,38,000/- व जलकर 49,010/-, विनोबा नगर शिविर में संपत्तिकर 1,29,000/- व जलकर 43,670/-, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल शिविर में संपत्तिकर 1,22000/- व जलकर 29,280/-, तिरूपति शिविर मे संपत्तिकर 77,000/- व जलकर 19,850/-, कोमल नगर शिविर में संपत्तिकर 1,27,000/- व जलकर 48,220/- की राशि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित शिविरों में 10,43,000/- संपत्तिकर व 2,51,805/- जलकर की राशि जमा कराई। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त षिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित षिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

## 13 लाख रु. में डोसीगांव के एलआईजी फ्लैट्स मिलेंगे

### गंगासागर की टंकी से पानी की आपूर्ति होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कमजोर तबके के लिए डोसीगांव में बनाए जा रहे एलआईजी फ्लैट्स सिर्फ 13 लाख रुपए मिलेंगे। इसके अलावा पीएम आवास में सब्सिडी व रजिस्ट्री में 50 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। यहां पर गंगासागर पानी की टंकी से जलापूर्ति होगी। 4 फरवरी को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने के बाद नगर निगम इनकी ऑनलाइन बिक्री करेगा। लोगों के देखने के लिए एक सैंपल फ्लैट्स फर्नीचर से सजाकर तैयार कर लिया गया है। सोमवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने फ्लैट्स को देखकर कुछ और व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### अब तीन एप्रोच रोड

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डोसीगांव में बनाई गई टॉउनशिप तक जाने के लिए अब लोगों को तीन एप्रोच रोड मिलेंगे। पहले सिर्फ सृजन कॉलेज के पास वाले रास्ता ही था। यहां रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम ने लैनार्ड सिटी की बाउंड्रीवॉल तोड़कर कॉलोनी से होते हुए एक और रास्ता बना दिया है।

**832 फ्लैट्स बन रहे :** साइट पर पीएमएवाय में 832 फ्लैट्स बन रहे हैं। 240 एलआईजी और 592 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स है। इनमें से डीपीआर वन के 592 लगभग बनकर तैयार है, अभी फिनिशिंग वर्क चल रहा है। बाकी के फ्लैट्स भी साल अंत तक बन जाएंगे।

## भूलीबाई को संबल योजना से मिली 2 लाख रूपए की मदद

रतलाम। जिले मे मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना संबल ने विपदाग्रस्त परिवारों को मदद देकर खुशियां दी है जिससे परेशान परिवारों की हालत में सुधार आया है, उनके चेहरों पर मुस्कान आई है। जिले के ग्राम इटावा की रहने वाली भूलीबाई को भी संबल योजना से 2 लाख रूपए की मदद मिली है, जिससे उसके परिवार मे खुशियां आई है।

भूलीबाई के पति बाबूलाल की 1 वर्ष पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। इस परिवार की कमाई का एकमात्र सहारा बाबूलाल ही था। मजदूरी करके गुजर-बसर होता था, लेकिन बाबूलाल के नहीं रहने से परिवार पर बड़ा संकट आ खड़ा हो गया। पत्नी भूलीबाई मजदूरी करके जैसे-तैसे अपने दो बच्चों को पाल रही थी, लेकिन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर खाद्य सामग्री तथा अन्य कार्यों के लिए मजदूरी से कमाया गया पैसा नही के बराबर था। ऐसे मे संबल योजना भूलीबाई की मदद के लिए आगे आई।

योजना मे उनका पंजीयन किया गया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा उनके बैंक खाते में 2 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। इस राशि से परिवार में खुशियां लौट आई। परिवार मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद देता है।

प्रसारण 02/02/2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 05 दिनांक 02/02/2021

तैयारी • शहर विकास का पांच सालाना रोडमैप देखने के लिए 4 फरवरी को रतलाम आ रहे मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री का 100 से अधिक जगह होगा स्वागत, विधायक बोले- सीएम का दौरा बहुत महत्वपूर्ण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर विकास का पांच सालाना रोडमैप देखने के लिए 4 फरवरी को आ रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा। इसकी जिम्मेदारी मंडल अध्यक्षों को सौंपी गई है। तैयारियों को लेकर सोमवार शाम विधायक चेतन्य काश्यप ने भाजपा के मंडल और वार्ड स्तर के पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें विधायक ने सीएम का शहर भ्रमण का कार्यक्रम बताकर स्वागत की रूपरेखा बनाई।

विधायक काश्यप ने पदाधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ 100 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने का नहीं है। 5 साल में नगर से महानगर बनाने की योजना भी देखेंगे। ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, शैलेंद्र डागा, जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, बजरंग पुरोहित, कन्हैयालाल मौर्य, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, करण धीर्य बड़गोत्या, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजिका अनिता कटारिया भी मौजूद रहीं। बैठक में मेडिकल कॉलेज की सौगात देने पर मंडल अध्यक्षों ने काश्यप का अभिनंदन भी किया।



पदाधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा बताते विधायक काश्यप।

### सनातन ध्वज यात्रा को सफल बनाएं

विधायक काश्यप ने कार्यकर्ताओं से 5 फरवरी को 12 ज्योतिर्लिंग की 12 हजार किलोमीटर पदयात्रा पूर्ण कर शहर में आ रहे श्री नर्मदानंद बापजी के की सनातन ध्वज यात्रा का भी भव्य स्वागत करने की बात कही है।

सफाई : संवार रहे सिटी फोरलेन, 4 फरवरी को मुख्यमंत्री करेंगे शुरुआत



रतलाम। सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक बन कर तैयार हो चुके शहर के चौथे सिटी फोरलेन को डिवाइडर और सेंट्रल व साइडिंग लाइनिंग करके सजा दिया गया है। विधायक चेतन्य काश्यप दीपावली पर सेंट्रल लाइटिंग की शुरुआत कर चुके हैं। 4 फरवरी को इसका मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पण होना है। योजना के मुताबिक यह रोड सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तक फोरलेन बनना है। कुल 1550 मीटर लंबी सड़क में से लगभग 1000 मीटर का काम हो चुका है। दो बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तक के 550 मीटर में पानी की लाइन शिफ्टिंग का काम चल रहा है।

### ऐसा है पूरा प्रोजेक्ट

- लागत - 16.40 करोड़ रुपए
- पहली सड़क - 767 मीटर की शहर सराय से न्यू रोड चौराहा की सड़क बन चुकी।
- दूसरी सड़क - सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तक, 1000 मीटर की बन चुकी।
- तीसरी सड़क - दो बत्ती चौराहा से डाट की पुल, 250 मीटर की सड़क का काम पॉवर हाउस रोड कॉन्वेंट स्कूल तक बनने के बाद शुरू होगा।

### सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित रतलाम दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। तैयारियों के संबंध में सोमवार को कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर उनकी जिम्मेदारियां तय की। दूसरी ओर शहर में चल रहा है विकास कार्यों ने भी गति पकड़ी है, दरअसल सीएम के आने पर कई सारी योजनाओं में लोकार्पण और शिलान्यास होंगे जिसे लेकर हर कोई तैयारी में जुटा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नईदुनिया पृष्ठ 08 दिनांक 02/02/2021

# एक फीसद भी नहीं ले पाए त्योहार अग्रिम

**राहत में कमी**

- प्रदेश के चार लाख कर्मचारियों में से चार हजार ही ले पाए थे लाभ
- ऑनलाइन बिल नहीं लगे, ऑफलाइन में राशि दीपावली के बाद मिली

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोनाकाल में कर्मचारियों को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने नवंबर 2020 में विशेष त्योहार अग्रिम देने के निर्देश दिए थे, मगर प्रदेश में एक फीसद (चार लाख में से चार हजार) कर्मचारी भी इसका लाभ नहीं ले पाए। अव्वल तो मिलने वाली राहत से तीन गुना ज्यादा राशि का सामान लेने की बाध्यता के चलते कर्मचारियों ने प्रस्ताव में रुचि ही नहीं दिखाई। रही-सही कसर तकनीकी कारणों ने पूरी कर दी। प्रदेश में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली से वेतन निकलता है। इसमें विशेष अग्रिम के लिए बिल लगाने की व्यवस्था समय से नहीं की गई। इससे जिन कर्मचारियों ने अग्रिम की मांग की, उनके बिल ही नहीं लगे। आखिरकार ऑफलाइन बिल लगाने की व्यवस्था हुई। तब जाकर एक से डेढ़ महीने बाद चार हजार से भी कम कर्मचारियों को विशेष त्योहार अग्रिम मिला।

कर्मचारियों के लिए इसका एलान पहले केंद्र सरकार ने किया था। फिर राज्य सरकार ने भी निर्देश जारी कर दिए, पर वेतन वितरण की प्रक्रिया और दीपावली में महज 10 दिन शेष रहने के कारण ऑनलाइन बिल लगाने की व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी। इस कारण दीपावली से पहले बिल ही नहीं लग सके। मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का दावा है कि इस योजना का लाभ चार हजार से भी कम कर्मचारियों को मिला है। यही बात मप्र राज्य कर्मचारी संघ व अन्य संगठन भी कर रहे हैं।

## ब्याज रहित 10 हजार रुपये दे रही है सरकार

योजना एक नवंबर 2020 से 31 मार्च 2021 के लिए है। इसमें कर्मचारियों को ब्याज रहित 10 हजार रुपये देने का प्रविधान है, जो उन्हें सेवानिवृत्ति या संविदा अवधि समाप्त होने से पहले 10 समान किस्तों में लौटाना है। योजना के लिए वे ही कर्मचारी पात्र हैं जिन्हें सातवें वेतनमान में सभी भत्ते मिलाकर 40 हजार या उससे कम वेतन मिल रहा है।

नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 07 दिनांक 03/02/2021



## दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को याद किया

रतलाम। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम सभागृह में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये व दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को याद किया।

## 102 दिनों में ठीक किए 136 वॉल्व और 687 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 102 दिनों में 136 वॉल्व व 687 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। सोमवार को अलकापुरी गोकुल डेरी के पास, कस्तूरबा नगर गली नं 4, शुभीनगर मुख्य मार्ग, भगतपुरी जगदीश साउंड के पास, करमदी रोड मिर्ची वाले की दुकान के बाहर व त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड पर पाइप लाइन लीकेज ठीक किया गया। कार्रवाई कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन के निर्देशन में की गई।

# गंदगी करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिको की लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही सी सी टी वी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सी सी टी वी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है, इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर संत कुमार, अनिल, उज्जवल पर 100-100, संगीता, रिजवान, जाकिर, राजू, बबलू, रमेश, पंकज, हरिओम, दिलीप, संजय, प्रहलाद, अनिल व रमेश पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्रसारण

## रतलाम में गंदगी फैलाने वाले 26 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर महू रोड बस स्टैंड पर गंदगी करने वाले केजरीवाल, मनीष से 250-250, हेमंत से 200, शाहरूख, विक्रम, दशरथ, देवनारायण, पूनम अरोरा, जितेंद्र से 100-100, मोहन, जितेंद्र, जफर, अरविंद, रघुनाथ सिंह, रवि पानी पतासावाला, जितेंद्र, गुड्डा सिंह, अंकित परमार, मुकेश, कुमार, कुमार सेन, जीतू, गोलू, देवचंद व प्रदीप से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई। नईदुनिया

## गंदगी करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर संत कुमार, अनिल, उज्जवल पर 100-100, संगीता, रिजवान, जाकिर, राजू, बबलू, रमेश, पंकज, हरिओम, दिलीप, संजय, प्रहलाद, अनिल व रमेश पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

## कचरे का होगा प्रतिदिन वजन

दैनिक भास्कर

रतलाम ● शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के वेजन की गणना हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर 2 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नियुक्त कर्मचारी कमल-दिनेश टांक व देवेन्द्र मांगीलाल पृथक-पृथक पाली में कचरा संग्रहण वाहन, डम्पर, ट्रैक्टर ट्रॉली से आने वाले कचरे का वाहन सहित वजन करेंगे तथा कचरा खाली करने के बाद खाली वाहन का वजन करेंगे

## गंदगी करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर ग्लोबल इलेक्ट्रीक स्टेशन रोड पर 500, संगम इलेक्ट्रीक, बादशाह इलेक्ट्रीक स्टेशन रोड पर 250-250, जैन रेस्टोरेंट, रतलाम कैफे, गोवर्धनलाल स्टेशन रोड, मक्खन, प्रकाश दो बत्ती, मनीष महू रोड बस स्टैण्ड, घनश्याम महू रोड पर 100-100, कमल, गोपाल महू रोड, ओमप्रकाश महू रोड बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

## शहर से निकलने वाले कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर होगा प्रतिदिन वजन

रतलाम। शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के वजन की गणना हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर 2 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार नियुक्त कर्मचारी कमल-दिनेश टांक व देवेन्द्र मांगीलाल पृथक-पृथक पाली में कचरा संग्रहण वाहन, डम्पर, टेऊक्टर ट्रॉली से आने वाले कचरे का वाहन सहित वजन करेंगे तथा कचरा खाली करने के बाद खाली वाहन का वजन करेंगे जिससे शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे की गणना होगी। ईन्यूज़-1

## 618 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 618 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। सोमवार को अलकापुरी, जवाहर नगर, विनोबा नगर पानी की टंकी, ग्लोबस कॉलोनी, रेल नगर व मॉर्निंग स्टार स्कूल के पास से छह मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 03 दिनांक 02/02/2021

# स्वच्छ एवं निरोग अभियान में शिविर का समापन

## शिविर में लोगों को नि:शुल्क दवा का वितरण, एंटी नस्य आयुर्वेदिक औषधि वितरण पर अनोखीलाल कटारिया का सम्मान

रतलाम। रतलाम स्वच्छता अभियान समिति द्वारा कोविड-19 महामारी रोकने के लिए स्वच्छ एवं निरोग अभियान को मिशन के रूप में चलाया जा रहा है। इस मिशन के संकल्प को साकार करने के लिए शिविर लगाकर कोरोना एंटी नस्य आयुर्वेदिक औषधि का प्रदर्शन किया जा रहा है। आयुर्वेदिक औषधि से लोगों को जागरूक करने के लिए जनवरी के हर रविवार को शिविर लगाकर दवा का निःशुल्क वितरण कर लोगों को इसका फायदा पहुंचाया। स्वच्छता अभियान समिति के संयोजक अनोखीलाल कटारिया के मार्गदर्शन में दवा की जानकारी देने के साथ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जनवरी माह के प्रत्येक रविवार शिविर आयोजित किए गए। जनवरी के अंतिम रविवार 31 जनवरी को शिविर का समापन स्थानीय अलकापुरी चौराहे पर स्थित गार्डन पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र लुनेरा, भाजपा के पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल की विशेष मौजूदगी में हुआ। शिविर समापन पर अनोखीलालजी कटारिया ने उपस्थितजनों को जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की ओर से निःशुल्क रूप से दी जा रही एंटी नस्य दवा कोरोना बचाव की एक कारगर दवा है। इसदवा की खासियत यह है कि इसे खाने या पीने की जरूरत नहीं है बल्कि इसे सूर्य की किरणों के सामने बैठकर केवल नाक से सूंघना है। कोरोना बीमारी में कफ जमने से सांस लेने में तकलीफ होती है। इस रोग के उपयोग में एंटी नस्य आयुर्वेदिक औषधि को नाक से सूंघने से शरीर में जमा कफ बाहर हो जाता है। कटारिया ने बताया कि शिविर समापन के बाद भी कोरोना से पीड़ित लोगों को दवा का निःशुल्क वितरण कटारिया ज्वेलर्स चांदनीचौक और स्टेशनरोड स्थित आशादीप पर किया जाएगा। दवा लेने के इच्छुक व्यक्ति यहां से दवा बिना कोई शुल्क दिए निःशुल्क रूप से ले सकते है। शिविर समापन पर आयोजित कार्यक्रम के विशेष अतिथि नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शिविर संयोजक अनोखीलाल कटारिया के प्रयासों की सराहना की। झारिया ने कहा कि कटारिया ने कोरोना जैसी महामारी में निःशुल्क दवा देने के लिए उन्होंने शिविर लगाकर लोगों को सेहत के साथ ही स्वच्छता के लिए जागरूक करने के बेहतर काम किया है। झारिया ने कहा कि समिति की ओर से दी जा रही आयुर्वेदिक औषधि कोरोना महामारी से बचाव में उपयोगी दवा है। इस दवा का उपयोग रतलाम के अलावा देश के सभी लोगों को मुहैया कराया जाना चाहिए ताकि लोग बीमारी से निजात पा सकें।

इन्दौर – 1

# जिला अस्पताल : कायाकल्प की तैयारी तेज, कचरा हटाने की तैयारी में लगा प्रबंधन, निगम को भी लिखेंगे

## पास होने के लिए लाने होंगे 70 फीसदी अंक, रंगाई-पुताई का काम लगभग पूरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला अस्पताल में कायाकल्प की टीम को लेकर तैयारी तेज हो रही है। 5 फरवरी तक टीम आने के आसार ऐसे में अब सभी तैयारियों को आखिरी रूप दिया जा रहा है। इधर इस बार सफाई के साथ ही नर्सिंग स्टाफ की ट्रेनिंग पर खास जोर है। इधर अब अस्पताल से कचरा हटाने के लिए अस्पताल प्रबंधन नगर निगम को भी लिखेगा।

चार महीने पहले ही जिला अस्पताल में असेसमेंट हुआ था। वह असेसमेंट वर्चुअल था, हालांकि उस परीक्षा में अस्पताल 75 प्रतिशत अंकों के साथ पास हो गया था। लेकिन अब वास्तविक असेसमेंट होगा। इसमें टीम जिला अस्पताल में आएगी और निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के आधार पर ही अस्पताल को अंक दिए जाएंगे। सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने बताया कि इस बार साफ सफाई पर खास ध्यान है। इसके कारण अंक ना कटे, ये कोशिश है। अस्पताल में रोज स्टाफ को ट्रेनिंग दी जा रही है। भास्कर

### 250 बिंदुओं पर परखेंगे

जिला अस्पताल को टीम 250 बिंदुओं पर परखेगी। इसमें अस्पताल को पास होने के लिए 75 प्रतिशत अंक लाने होंगे। इन बिंदुओं में अस्पताल के अंदर की व्यवस्था से लेकर बाहर की सफाई, बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट भी शामिल हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पृष्ठ दिनांक 2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 01 दिनांक 02/02/2021

# डिवाइडरों पर रंगरोगन, सड़कों की हो रही मरम्मत

## मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारी में जुटा प्रशासन, अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद 4 फरवरी को सीएम शिवराजसिंह चौहान पहली बार रतलाम आएंगे। उनके दौरे को लेकर तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को कलेक्टर गोपालचंद डाड ने बैठक में सीएम के कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी। मुख्यमंत्री जिन मार्गों से गुजरेंगे उनकी मरम्मत की जा रही है। पॉवरहाउस रोड फोरलेन, सालाखेड़ी फोरलेन पर दिन भर सफाई के साथ डिवाइडरों पर रंग-रोगन का काम चलता रहा।



शिवशंकर नगर क्षेत्र में सड़क की मरम्मत करते हुए श्रमिक। • नईदुनिया



सिटी फोरलेन के डिवाइडर की धुलाई करते हुए कर्मचारी। • नईदुनिया

### विधायक कार्यालय पर हुई बैठक

विधायक जनसंपर्क कार्यालय में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने ली। उन्होंने बताया कि शहर में 450 परिवारों के लिए अफोर्डेबल हाउस बने हैं, जिनमें से 140 परिवारों के लोन स्वीकृत होकर मार्जिन मनी जमा की जा चुकी है। प्रति हितग्राही चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने मार्जिन मनी के 10 हजार रुपये जमा कराए हैं। ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को सदस्य मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य बजरंग पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व नेता पक्ष प्रेम उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, करण धीर्य बड़गोत्या, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी व आदित्य डागा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजिका अनिता कटारिया सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्यकर्ताओं से 4 फरवरी को मुख्यमंत्री के दौरे के साथ-साथ 5 फरवरी को नर्मदानन्द बापजी के सानिध्य में निकलने वाली सनातन ध्वज यात्रा को भी सफल बनाने का आह्वान किया। संचालन जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल ने किया।

### दोपहर 12 बजे बाद विमान से पहुंचेंगे

4 फरवरी को मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे विमान से बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। वे पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मेडिकल कॉलेज होते हुए सैलाना रोड से पावर हाउस रोड, दो बत्ती चौराहा होकर श्री कालिका माता मंदिर जाएंगे। माताजी के दर्शन के बाद मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक होते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा रतलाम के विकास के लिए पांच सालों में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना का प्रजेंटेशन देखेंगे। दोपहर 1.30 बजे के करीब डोसीगांव में जनसभा का मुख्य कार्यक्रम होगा। यहां मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 101 परिवारों का गृह प्रवेश कराएंगे। उनके द्वारा इस दौरान किसी सामान्य परिवार में भोजन का कार्यक्रम भी रहेगा।